आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत जल्द करेगा गगनयान मिशन का शुभारम्भ– राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर लोगों को दी बधाई।
- मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार से विशेष राहत पैकेज की मांग दोहराई– कहा–राज्य सरकार अपने संसाधनों से कर रही है प्रभावितों की मदद।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर रोज़गार के नाम पर युवाओं को धोखा देने का लगाया आरोप।
- लंबित महंगाई भत्ते की अदायगी न होने से कर्मचारी मायूस– राज्य अध्यापक संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी।
- प्रदेश के अनेक भागों में मॉनसून सक्रिय– 26 अगस्त तक कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा की संभावना।

प्रधानमंत्री अंतरिक्ष दिवस

आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों, वैज्ञानिकों और युवाओं को शुभकामनाएं दी हैं। एक वीडियो संदेश में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कम समय में ही युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत सेमी–क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। भारत जल्द ही गगनयान मिशन का शुभारंभ करेगा। प्रधानमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि आने वाले समय में भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाएगा। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र एक के बाद एक मील के पत्थर स्थापित कर रहा है और पिछले 11 वर्षों में सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में कई सुधार किए हैं।

सीएम–आपदा राहत

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार अपने सीमित संसाधनों के बावजूद आपदा प्रभावितों की मदद कर रही है और प्रभावितों तक विशेष राहत पैकेज पहुंचाया जा रहा है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले कुछ वर्षों में बादल फटने व फ्लैश फ्लड की घटनाएं बढ़ रही हैं और जलवायु परिवर्तन को इसका मुख्य कारण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा आपदा पर राजनीति कर रही है और विधानसभा में आपदा पर लाई गई चर्चा के जवाब के समय विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। उन्होंने केन्द्र सरकार से हिमाचल को विशेष आर्थिक पैकेज देने की मांग भी दोहराई।

भाजपा कहती कुछ और है करती कुछ और है। नियम 67 के तहत प्रस्ताव भारतीय जनता पार्टी वाले लेकर आए हमारे विधायकों ने 130 के तहत ही आपदा का प्रस्ताव दिया हुआ था। बार–बार जोर करने के बाद मैं अध्यक्ष महोदय से बात की कि नियम 67 पर चर्चा कर ली जाए। चार दिन तक चर्चा हुई, 4 दिन चर्चा करने के बाद जब उसका उत्तर देने की बात आई तो उत्तर के समय वॉक आउट कर गए। विपक्ष के नेता जो नियम 67 की बात कर रहे थे वो तो अंदर आए भी नहीं, और हमने स्पष्ट उत्तर दिया है अपने रिसोर्सेस से हम लोगों की मदद कर रहे हैं हम घर बनाने के लिए 7 लाख रुपया दे रहे हैं घर में जो कपड़े और जो उनके समान होता है बिलॉन्गिंग्स होती है उसके 70 हजार रुपए दे रहे हैं, कच्चा घर

टूट गया उसका 25000 से ₹100000 दे रहे हैं। ऐसा पैकेज कहीं और नहीं मिल रहा है। जो पशुधन गया है उसमें 55 हजार गाय का दे रहे हैं, भैंस का दे रहे हैं। पर हम चाह रहे है कि हमें स्पेशल राहत पैकेज दिया जाए।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि पिछले अढ़ाई वर्ष के कार्यकाल में वे केन्द्र सरकार से 3 हज़ार 9 सौ 52 करोड़ रूपए विकास कार्यों के लिए ला चुके हैं और इसके माध्यम से विभाग में तेज़ी से विकास परियोजनाएं चल रही है। शिमला ग्रामीण क्षेत्र की डोमैहर, हिमरी व ओगली पंचायत में आज उन्होंने मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम में जनसुनवाई की और अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि डोमैहर पंचायत में 8 करोड़ 16 लाख रूपए की लागत से विकास कार्य चल रहे हैं और सुन्नी में एस.डी.एम. कार्यालय खोलने की लोगों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया गया है। उन्होंने बताया कि जलोग में दूध एकत्रीकरण केन्द्र स्थापित किया जाएगा।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर युवाओं को रोज़गार के नाम पर धोखा देने का आरोप लगाया है। हमीरपुर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने युवाओं को पक्की नौकरी की गारंटी दी थी लेकिन अब राज्य सरकार नौकरियां छीनने का काम कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकार के मंत्री सरकारी नौकरियों को लेकर विधानसभा में अलग–अलग आंकड़े प्रस्तुत कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर वोट चोरी करके सत्ता में आने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का अढ़ाई वर्ष का कार्यकाल निराशाजनक रहा है और सरकार के पास प्रदेश के बेहतर भविष्य की कोई योजना नहीं है।

कांग्रेस बैठक

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में पार्टी प्रभारी रजनी पाटिल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में किसी तरह की कोई गुटबाज़ी नहीं है और पार्टी हाईकमान जिसे भी प्रदेश अध्यक्ष बनाएगी, वो सभी को स्वीकार होगा। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि रजनी पाटिल से प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र को लेकर भी चर्चा की गई।

अध्यापक संघ

प्रदेश में लंबित महंगाई भत्ते की अदायगी न होने से कर्मचारी मायूस हैं और राज्य सरकार से इसका भुगतान जल्द करने की मांग कर रहे हैं। हिमाचल अध्यापक संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र चौहान ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कर्मचारियों का 13 फीसदी महंगाई भत्ता लंबित हो गया है और मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस वर्ष के बजट सत्र में मई महीने में 3 फीसदी डी.ए. देने की घोषणा की थी जो अभी तक नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द डी.ए. जारी नहीं किया तो कर्मचारी एकजुट होकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज शाम  भारी वर्षा हुई। मौसम विभाग ने 26 अगस्त तक अनेक ज़िलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। भूस्खलन से प्रदेश में एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 3 सौ 13 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 97 बिजली ट्रांसफार्मर और 51 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। वर्षा से जुड़ी घटनाओं में राज्य में अब तक 2 सौ 98 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 37 अभी भी लापता हैं।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि कृषि के प्राकृतिक उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल देश का अग्रणी राज्य बन गया है। बिलासपुर ज़िले के घुमारवीं क्षेत्र के औहर बीज गुणन फार्म में आज प्राकृतिक खेती पर आयोजित एक किसान गोष्ठी में उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने प्राकृतिक रूप से उगाए गए गेहूं, मक्का और हल्दी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है।